5

[A-6] Seat No. ________ No. of printed pages: 3

SARDAR PATEL UNIVERSITY
FY BA (External) Examination
Friday, 6th May
2016
10.30 am - 1.30 pm
HN-101 - Hindi Paper I
हिन्दी कहानी आम उपन्यास

कुल गुण : १००

प्र.१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए ।

(अ) "हाँ, यह बात है । नवल जो चाहें, करावें । क्या एक ही गाड़ी में न जाने से दोस्ती में बट्टा लग जाएगा ? अब तो किसी तरह रुकोगे नहीं, जरुर ही उनके साथ जाओगे । पर मेरे नाकों तो दम आ जाएगी ।" (०७)

अथवा

(अ) "मेरी जीभ जल जाय बेटा, तुमसे जेवर लूँगी ? मेरे मुँह से यूँ ही निकल गया । जो होते तो लाख बार पहनती ।"

(ब) "छड़ीदार ने रोनी सूरत बनाकर कहा– "किसी तरह गोधन को राजी करवाइए । नहीं तो कल से गाँव में मुँह दिखाना मुश्किल हो जाएगा ।" (०७)

अथवा

(ब) "पर बिना कुछ पूछे और जाने भी उसे बराबर लग रहा है कि कोई बहुत बड़ी गड़बड़ी है जो उसके चारों ओर है, जो मम्मी के चारों और है, उस गड़बड़ी की बात बताने के लिए ही चाचा कलकत्ते से आये हैं, मम्मी इतनी उदास है, पर अब किससे पूछे ?"

(क) "अरे हाथ पकड़कर निभाने की मर्दानगी जिनमें नहीं होती, वह ऐसे ही मर्दानगी दिखाते हैं । अनबन किसमें नहीं होती, तो क्या ब्याही औरत को यों छोड़ दिया जाता है ।" (०८)

अथवा

(क) "अजय को उसे दिखा ही देना है कि वह अगर एक नई जिंदगी की शुरुआत कर सकता है, तो वह भी कर सकती है......" नहीं, उसे किसी को कुछ नहीं दिखाना है । जो कुछ भी करना है, अपने लिए करना है ।

प्र.२ जयशंकर प्रसाद की 'पुरस्कार' कहानी ''व्यक्तिगत प्रेम पर राष्ट्रप्रेम की विजय की कहानी है''- इस कथन की समीक्षा कीजिए । (२०)

अथवा

प्र.२ 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी में लेखक मोहन राकेश ने सरकारी दफ्तरों का दृश्य बड़ी यथार्थता से प्रस्तुत किया है- चर्चा कीजिए ।

प्र.३ ''आप का बंटी'' उपन्यास के कथानक की विशेषताएँ लिखिए । (२०)

अथवा

प्र.३ ''आप का बंटी'' उपन्यास के आधार पर शकुन का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

प्र.४ टिप्पणी लिखिए । (२०)

अ) ''दो पहर का भोजन'' कहानी की सिद्धेश्वरी ।

अथवा

अ) ''प्रायश्चित'' कहानी में रामू की बहू की परेशानियाँ ।

ब) ''आप का बंटी'' की मुख्य समस्या ।

अथवा

ब) ''आप का बंटी'' उपन्यासः शीर्षक एवं उद्देश्य ।

प्र.५ निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ **अठारह प्रश्नों** के उत्तर दीजिए । (१८)

१) कहानी के मुख्य भेद कौन-कौन से हैं ?

२) ''दुलाईवाली'' कहानी के पात्रों के नाम लिखिए ।

३) मधूलिका के पिता का नाम लिखिए ।

४) पंडित परमसुख बिल्ली की हत्या होने पर किस नरक का विधान बताते हैं ?

५) ''दिल्ली में एक मौत'' कहानी के लेखक का नाम लिखिए ।

६) गोधन को मनाने कौन गया ?

७) शामनाथ कैसा बेटा है ?

८) किसकी फाइल एक मेज से दूसरी मेज पर पहुँच गयी ? क्यों ?

९) ''दो पहर का भोजन'' कहानी किसकी कथा उजागर करती है ?

१०) रामचन्द्र क्या करता था ?

११) बंटी किसका बेटा है ?

१२) ''आप का बंटी'' की कथा लेखिका ने किससे कहलवायी है ?

१३) ''आप का बंटी'' उपन्यास में कैसे परिवार की चर्चा है ?

१४) मन्नू भंडारी के पिता का नाम लिखिए ।

१५) मन्नू भंडारी के दो नाटकों के नाम लिखिए ।

१६) बंटी के चरित्र की कोई पाँच विशेषताएँ लिखिए ।

१७) उपन्यास के तत्त्वों के नाम लिखिए ।

१८) ''आप का बंटी'' उपन्यास में कौन-कौन सी समस्याएँ प्रस्तुत हैं ।

१९) शकुन का डॉक्टर जोशी के साथ प्रथम परिचय कब होता है ?

२०) शकुन के बारे में अजय का मत क्या है ?

☺☺☺☺☺